the year 1996-97 for this programme was not known until February, 1997 for proposals submitted suo moto by interested producers. However, a total number of 625 proposals were received. The normal terms and conditions applicable for commissioned/sponsored programme on Doordarshan were only appliable.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise in view of (c) above.

(e) Budget allocation for 1997-98 is yet to be done.

दूरदर्शन केन्द्र, रांची से क्षेत्रीय समाचार प्रसारित करने की व्यवस्था

1755. **श्री ज्ञान रंजन:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कया यह सच है कि बिहार राज्य में आकाशवाणी केन्द्र, नरौली से प्रातः 8.30 बजे क्षेत्रीय समाचारों के प्रसारण की व्यवस्था है परन्तु दूरदर्शन केन्द्र, रांची से क्षेत्रीय समाचारों के प्रसारण की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण घटनाओं के समाचार दूरदर्शन से समय पर प्रसारित नहीं हो पाते;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार आकाशवाणी केन्द्र, रांची की तरह दूरदर्शन केन्द्र, रांची से भी समाचार प्रसारित करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰एम॰ इब्राहिम): (क) से (ग) बिहार में नरौली में कोई आकाशवाणी केन्द्र नहीं है। तथापि, आकाशवाणी, रांची प्रातः 8.30 बजे क्षेत्रीय समाचार प्रसारित करता है। जन-शक्ति, हार्डवेयर, प्रसारण समय और अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की कमी होने के कारण दूरदर्शन केन्द्र, रांची से फिलहाल क्षेत्रीय समाचार बुलेटिन शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, रांची से घटित होने सभी महत्वपूर्ण वाली घटनाओं को कवर किया जाता है और इन्हें दूरदर्शन केन्द्र पटना से प्रसारित होने वाले क्षेत्रीय समाचार बुलेटिन में शामिल करने के लिए दूरदर्शन केन्द्र पटना को उपलब्ध करवाया जाता है और इन्हें दूरदर्शन केन्द्र रांची द्वारा भी रिले किया जाता है।

अहमदाबाद और राजकोट दूरदर्शन केन्द्रों द्वारा कच्छ क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं और कलाकारों क साथ भेदभाव

1756. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या **सूचना और प्रसारण** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अहमदाबाद और राजकोट दूरदर्शन केन्द्रों द्वारा कच्छ क्षेत्र के कलाकारों और अन्य प्रतिभाशाली युवाओं को अपने कार्यक्रम प्रसारित करने और उनमें भाग लेने के लिये विगत तीन वर्षों में आंमत्रित किया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि उपर्युक्त केन्द्रों द्वारा कच्छ क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं के प्रति भेद-भाव पूर्ण, रवैया अपनाया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या प्रादेशिक भाषा के कार्यक्रमों में भाग लेने और इन कार्यक्रमों के प्रस्तुतिकरण में निदेशक का निदेशक का निर्णय अंतिम होता हैं; और

(ङ) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त केन्द्रों की प्रसारण समय-सारणी में प्रत्येक जिले को समान महत्व देने हेतु कदम उठाये जा रहे हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰एम॰ इब्राहिम): (क) जी, हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) जी. हां।

Teleserials pending for Approval

1757. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pelased to state:

(a) what is the total revenue earned by Doordarshan by telecasting various serials, telefilms and documenetaries in

the year 1995-96, category wise i.e. sponsored and commissioned;

(b) the number of teleserials lying for want of approval in both the sponsored as well as commissioned category; and

(c) the logic behind retelecast of many long serials?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) The gross revenue earned by Doordarshan during the year 1995-96 was Rs. 430.13 crores. Bills are raised agency-wise and product-wise. No category-wise record is being maintained. Regional Kendras raise the bills for telecast of commercials at respective Kendra levels.

(b) The details are as under:—

Sponsored	:	564
Commissioned	:	243

(c) Normally serials are not retelecast but some very popular and commercially viable serials are retelecust keeping in view the pressing public demand, prospects of higher revenue earning, and increasing viewership.

दरभंगा और पटना से वज्जिका भाषा में प्रसारण

1758. **श्री राम देव भंडारी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार राज्य के दरभंगा और पटना आकाश-वाणी/दूरदर्शन केन्द्रों से वज्जिका भाषा में प्रसारित कार्यक्रमों की स्थिति क्या है;

(ख) क्या कार्यक्रमों के वज्जिका भाषा में प्रसारण को मैथिली भाषा में प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के समकक्ष सुविधा प्राप्त है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहिम): (क) से (ग): 1991 की जनगणना रिपोर्ट में वज्जिका बोली का कोई उल्लेख नहीं है। वज्जिका और मैथिली को हिन्दी की उप-बोलियां समझा जाता है। क्योंकि अधिकांश वज्जिका/मैथिली भाषी लोग हिन्दी को अच्छी तरह से समझ सकते हैं इसलिए वज्जिका में अलग से कार्यक्रमों को प्रसारित/टेलीकास्ट करना सम्प्रेषण की दृष्टि से अनिवार्य नहीं है। तथापि, दूरदर्शन केन्द्र, पटना नियमित रूप से वज्जिका में लोक संगीत प्रसारित करता है।

दूरदर्शन द्वारा मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में उप-केन्द्र स्थापित किया जाना

1759. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1996-97 के दौरान मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में किन-किन स्थानों पर दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र (उप-केन्द्र) स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) इनमें से किन-किन स्थानों के लिए स्वीकृत आदेश जारी किए जा चुके हैं और किन-किन स्थानों के लिए अभी उन पर विचार किया जा रहा है;

(ग) इनमें से किन-किन उप केन्द्रों पर कर्मचारियों को तैनात किए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) रायगढ़ जिले के जशपुर नगर में स्थापित हो चुके उप-केन्द्र, जो बिलासपुर के नियंत्रण केन्द्र से 340 किलोमीटर दूर हैं, पर कर्मचारी तैनात किए जाने संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी०एम० इब्राहिम): (क) और (ख) ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) हालांकि, जशपुर नगर अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर सहित अति अल्प शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर कर्मचारी के बिना स्थापित है, तथापि, मानदण्डों के अनुसार, अपेक्षित स्टाफ को अल्प शक्ति ट्रांसमीटरों एवं उच्च शक्ति ट्रांसमीटरों के प्रचालन और अनुरक्षण के लिए लगाया जाता है।